स्थापना : 1959 पंजीयन क्र.: 59

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज,रायपुर (छ.ग.)

चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन. द्वितीय तल, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (छ.ग.) 492001

Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)

Ch. Devilal Vyapar Udyog Bhawan, 2nd Floor, Bombay Market, Raipur (C.G.) INDIA

CCCI

Ph.: 0771-2539275, 4034572 , Fax : 0771-2539275

Website : www.cgchamber.org Email : info.cgchamber@gmail.com

प्रति, दिनांक: 26 मई 2020

श्रीमान जिला दंडाधिकारी
रायपुर जिला
आयुक्त, नगर निगम रायपुर
प्रतिलिपि:
श्रीमान अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमान प्रमुख सचिव- वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमान वित्त सचिव-छत्तीसगढ़ शासन

विषय: रायपुर जिले में समस्त व्यापार को प्रतिदिन खोलने की अनुमति हेतु

महोदय,

- प्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर जिला अब ओरेंज जोन में चिन्हित किया जा चूका है
- मार्च माह से अब तक 80 दिनों में रायपुर जिले में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या दहाई भी नहीं है
- पिछले 30 दिनों में रायपुर जिले में केवल 1कोरोना संक्रमित मिले हैं लेकिन वे भी अम्बेडकर अस्पताल के नर्स हैं
- **लॉक डाउन अवधि के 65 दिनों में प्रदेश में अकेले रायपुर जिले में ही आवश्यक सेवाओं/ सामानों के अलावा व्यापार/दुकानें लगभग बंद रही हैं**
- रायपुर जिले के थोक बाज़ारों से ही प्रदेश में समस्त प्रकार के उत्पादों की पूर्ति होती है, लेकिन लॉक डाउन के कारण लगातार बंद एवं पिछले कुछ दिनों से दो दिनों की अनुमति से प्रदेश के अन्य जिलों के बाज़ारों में सामानों की कमी हो रही है/हो सकती है
- अधिकांश बाज़ारों के मात्र दो दिन खुलने से बाज़ारों में भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य के विपरीत भीड़ अधिक हो रही है जिससे सोशल फिजिकल दूरी का पालन करवाना प्रशासन और व्यापारियों के लिए कठिन हो रहा है
- हालाँकि इससे यह सकारात्मक सन्देश भी है कि अधिक भीड़ के बावजूद भी कोई कोरोना संक्रमित नहीं मिले हैं
- **महोदय, 70 दिनों के व्यापार बंद से व्यापारियों की आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो चुकी है, समस्त व्यापार प्रतिदिन शुरू होने से व्यापारियों की आर्थिक स्थिति तो सुधरेगी ही साथ ही आम नागरिकों/उपभोक्ताओं को भी आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी**
- **महोदय, रायपुर जिला प्रदेश का व्यापारिक केंद्र है, सबसे अधिक राजस्व का संकलन रायपुर से ही होता है अतः रायपुर में व्यापार सामान्य होने से प्रदेश शासन के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी**

उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में आपसे विनम्र आग्रह है कि अविलम्ब समस्त व्यापार-दुकानों को प्रतिदिन खोलने की अनुमति जारी करें

निवेदक:

रमेश गाँधी- चेयरमैन
M: 7000828500

जितेन्द्र बरलोटा- प्रदेश अध्यक्ष
M: 9425203200

चैम्बर हेल्प डेस्क टीम:

लोकेश जैन, चैम्बर उपाध्यक्ष
M: 9425214021

अश्वनी विग, चैम्बर मंत्री
M: 9826132208

प्रकाश लालवानी , चैम्बर मंत्री
M: 9827124318